उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-17 /02/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2022/02-परीक्षा/2021

लखनऊ : दिनांक : 09 मई, 2022

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2021, स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0/2021)/01 के अंतर्गत विज्ञापित महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के कुल रिक्त 9212 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 08-05-2022 को आयोजित की गयी।

उपर्युक्त के क्रम में प्रश्नगत परीक्षा से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध ऑब्जेक्शन सम्बन्धी वेबसाइट/ लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर तथा रोल नंबर दर्ज कर लॉगिन (Login) करने के उपरान्त लिखित परीक्षा की उत्तर कुंजी देख सकते हैं।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा जारी की गयी उत्तर कुंजी पर यदि कोई आपत्ति है तो अभ्यर्थी ऑब्जेक्शन संबन्धी वेबसाइट/ लिंक पर जाकर अपनी आपत्ति अभिलेखीय साक्ष्य सहित ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से यथा- डाक/प्रत्यावेदन द्वारा उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में दी गयी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। आपत्ति दर्ज करने की अन्तिम तिथि 12-05-2022 है। उक्त तिथि के बाद आपत्ति दर्ज करने की सुविधा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

09/05/2022

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,